रौल नं०......................नाम परीक्षार्थी.................................................

X-8

## प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2025 ई०

**A**

# गृह–विज्ञान (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा　　　　कक्षा – 10　　　　पूर्णांक –70

निर्देश:–(i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं ख हैं। (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

## खण्ड– क (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश:–सभी प्रश्नों सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :–

1. बजट की मूलभूत आवश्यकताएँ क्या हैं :– 1
(क) भोजन　　(ख) आवास
(ग) वस्त्र　　(घ) ये सभी।

2. पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उपयोग किए जाने वाले धन को कहते हैं :– 1
(क) पारिवारिक आय　　(ख) पारिवारिक व्यय
(ग) पारिवारिक बचत　　(घ) पारिवारिक बजट।

3. धूलभरी आँधी आ जाने के उपरान्त की जाने वाली सफाई को कहते हैं :– 1
(क) दैनिक सफाई　　(ख) वार्षिक सफाई
(ग) आकस्मिक सफाई　　(घ) अनावश्यक सफाई।

4. गृह–सज्जा का आवश्यक तत्व है :– 1
(क) उपयोगिता　　(ख) सुन्दरता
(ग) अभिव्यक्ति　　(घ) ये सभी।

5. $H_2O$ रासायनिक यौगिक सूत्र है :– 1
(क) वायु का　　(ख) जल का
(ग) पृथ्वी का　　(घ) इनमें से किसी का नहीं।

6. स्वास्थ्य के लिए कौन–सा जल उपयोगी होता है :– 1
(क) कठोर जल　　(ख) मिलावटी जल
(ग) शुद्ध एवं मृदु जल　　(घ) अशुद्ध जल।

7. कोयला (कार्बनिक वस्तुओं) के जलने से कौन–सी गैस बनती है :– 1
(क) कार्बन डाईऑक्साइड　　(ख) ऑक्सीजन
(ग) नाइट्रोजन　　(घ) अमोनिया।

8. रेबीज का कारण है :– 1
(क) मच्छर के काटने से　　(ख) कुत्ते के काटने से
(ग) साँप के काटने से　　(घ) इनमें से कोई नहीं।

9. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस किस दिन मनाया जाता है :– 1
(क) 21 जून　　(ख) 20 जून
(ग) 25 जून　　(घ) 28 जून।

(पृष्ठ पलटिए)

10. मिल्टन क्लॉथ होता है :- 1

(क) रोयेदार ऊनी कपड़ा (ख) सूती कपड़ा
(ग) रेशमी कपड़ा (घ) सफेद कपड़ा।

11. वस्त्रों की धुलाई के लिए कौन-सा जल उत्तम होता है :- 1

(क) कठोर जल (ख) गर्म जल
(ग) मृदु जल (घ) समुद्र का जल।

12. रसोईघर की व्यवस्था में सर्वाधिक महत्व है :- 1

(क) वायु का (ख) प्रकाश का
(ग) ईंधन का (घ) सफाई का।

13. कार्बोहाइड्रेट का स्रोत है :- 1

(क) दाल (ख) चीनी
(ग) दूध (घ) सन्तरा।

14. विटामिन 'सी' का उत्तम स्रोत है :- 1

(क) आँवला/खट्टे फल (ख) चावल
(ग) गेहूँ (घ) ये सभी।

15. सभी रोगों में आहार दिया जाता है :- 1

(क) अलग-अलग प्रकार का (ख) एक-सा
(ग) प्रोटीनयुक्त (घ) खनिज युक्त।

16. मनुष्य के शरीर में कितनी पसलियाँ (कितनी जोड़ी) होती हैं :- 1

(क) 32 (ख) 12
(ग) 21 (12 जोड़ी) (घ) 28

17. अस्थि-भंग के लक्षण हैं :- 1

(क) सूजन आ जाती है (ख) दर्द होता है
(ग) अंग निष्क्रिय हो जाता है (घ) ये सभी।

18. एक स्वस्थ व्यक्ति 1 मिनट में कितनी वार श्वसन-क्रिया करता है :- 1

(क) 15-18 (ख) 12-16
(ग) 60-72 (घ) 80-90

19. कृत्रिम श्वसन की आवश्यकता कब होती है :- 1

(अ) दम घुटने पर (ब) जल में डूबने पर
(स) फाँसी लगने पर (द) इन सभी अवस्थाओं में।

20. स्नान न करा सकने की दशा में शारीरिक सफाई का उपाय है :- 1

(क) भाप देना (ख) स्पंज करना
(ग) टैल्कम पाउडर छिड़कना (घ) कुछ न करना।

## खण्ड–ख (वर्णात्मक प्रश्न)

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न है – उत्तर सीमा 25 शब्द।

21. आय कितने प्रकार की होती है? 2

22. घरेलू फर्नीचर कैसा होना चाहिए? 2

23. अतिसार से बचाव के उपाय लिखिए। 2

24. चेचक रोग के कारण, लक्षण व बचने के उपाय लिखिए। 2

25. भोजन पकाने की कौन–सी विधि सर्वोत्तम है और क्यों? 2

26. मोच के दो लक्षण लिखिए। 2

### लघु उत्तरीय प्रश्न है – उत्तर सीमा 50 शब्द।

27. पारिवारिक बजट बनाने में मुख्य रूप से कौन–कौन सी बाधाएँ उत्पन्न हुआ करती हैं? 4

**अथवा**

घर के कूड़े–करकट को हटाने व नष्ट करने के उपायों को स्पष्ट कीजिए।

28. आदर्श कुएँ की चार विशेषताएँ लिखिए। 4

29. मानव–जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण के प्रभावों का उल्लेख कीजिए। 4

**अथवा**

आप हल्दी का धब्बा कैसे छुड़ाएँगी?

30. गैस का चूल्हा प्रयोग करते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? 4

**अथवा**

भोजन पकाने की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए।

31. नाक से साँस लेने के मुख्य लाभ स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

प्राकृतिक तथा कृत्रिम श्वसन क्रिया में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

### दीर्घलघु उत्तरीय प्रश्न है – उत्तर सीमा 100 शब्द।

32. परिवार में बचत क्यों आवश्यक हैं? बचत विनियोजन की विधियाँ लिखिए। 6

**अथवा**

अशुद्ध जल को शुद्ध करने की घरेलू विधियों का सविस्तार वर्णन कीजिए।

33. सिलाई–किट से आप क्या समझती हैं? सिलाई–कटाई की आवश्यक वस्तुओं एवं उपकरणों का सामान्य परिचय दीजिए। 6

**अथवा**

रोगी के भोजन की व्यवस्था करते समय किन–किन बातों को ध्यान रखेंगी?

34. रोगियों को ले–जाने के लिए किन–किन विधियों का प्रयोग किया जाता है? किसी एक विधि का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 6